राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल से मिले राजस्थान चैम्बर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधि

राज्यपाल राहत कोष में दिया एक लाख का चैक

जयपुर, 16 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को यहां राजभवन में राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र को प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल राहत कोष के लिए एक लाख का चैक दिया। इस अवसर पर चैम्बर के मानद महासचिव डॉ. के. एल. जैन, श्री डी.एस. भंडारी, श्री आर.एस.जैमिनी, डॉ. अरविन्द अग्रवाल, श्री आंनद महरवाल, श्री पुरूषोत्तम शर्मा, श्री ज्ञानप्रकाश, श्री दिनेश कानूनगो एवं श्री त्रिनेत्र रोलीवाल मौजूद थे। **फोटो – 1**

राज्यपाल से महापौर की मुलाकात – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को यहां राजभवन में जयपुर नगर निगम महापौर श्री विष्णु लाटा ने शिष्टाचार मुलाकात की। **फोटो – 2**

राज्यपाल से लोग मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को यहां राजभवन में विधायक श्री नरपत सिंह राजवी, मोती डूंगरी गणेश मंदिर के मंहत श्री कैलाश शर्मा एवं भारत–तिब्बत सहयोग मंच की उपाध्यक्ष श्री सुमन भटनागर के नेतृत्व में एक पांच सदस्यों का शिष्टमंडल भी मिला।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल